790

<u>केवल सदस्यों के लिये</u>

# कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण

कमांकः प1(77-68) ईसी/ मिटिंग/98/ 2353　　　　　　　　　　　　दिनांक 4.6.98

जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की 68 वी बैठक दिनांक 2.6.98 का कार्यवाही विवरण ।

प्राधिकरण के पत्र कमांक प-2(77-68) ईसी/मिटिंग/98/2269 दिनांक 14.5.98 के अन्तर्गत जारी सूचना पत्र के अनुसार जयपुर विकास प्राधिकरण की 68 वी बैठक दिनांक 2.6.98 को पूर्वान्ह 11 बजे प्राधिकरण के समिति कक्ष मे आयोजित की गयी । बैठक मे उपस्थित अधिकारीगण का विवरण सलंग्न परिशिष्ठ क पर अंकित है ।

बैठक मे विचार विमर्श के पश्चात मे एजेण्डा बिन्दुओं पर निम्नांकित विवरणानुसार निर्णय लिये गये ।

| | |
|---|---|
| प्रस्ताव 68.1 | कार्यकारी समिति की 67 वी बैठक की पुष्टि । |
| पारित प्रस्ताव 68.1<br>प-2(77-66) JDA/EC/9, | कार्यकारी समिति की 67 वी बैठक दिनांक 11.3.98 के कार्यवाही विवरण का अवलोकन किया जाकर पुष्टि की गयी । |
| प्रस्ताव 68.2 | कार्यकारी समिति की 67 वी बैठक मे निर्णयां के की कियान्विति के सम्बन्ध में। |
| पारित प्रस्ताव 68.2 | कार्यकारी समिति की 67 वीं बैठक के निर्णयो की कियान्विति रिपोर्ट परिशिष्ठ-2 पर अवलोकन किया जाकर निर्देशित किया गया कि आईटम नम्बर 66.9(3),66.9(5),67.5,67.7(1) की अनुपालना सात दिवस मे सुनिश्चित की जावे एवं अनुपालना प्रतिवेदन आगामी बैठक मे प्रस्तुत किया जावें । |
| प्रस्ताव 68.3 | प्राधिकरण के अधिकारियों को प्रतिमाह दिये जाने वाले अर्दली क्षतिपूर्ति भत्ते मे वृद्वि के सम्बन्ध में । |
| पारित प्रस्ताव 68.3<br>F-6(92) JDA/Estt/83 | राज्य सरकार के मितव्ययता के सम्बन्ध मे आदेशों के परिपेक्ष्य मे चर्चा की गई। वर्तमान मे प्रभावी अर्दली भत्ते की दरो मे कोई संशोधन नही किये जाने का निर्णय लिया गया । यह भी निर्णय लिया गया कि विभिन्न विभागों से प्राधिकरण मे प्रतिनियुक्ति पर आये अधिकारियों को उनके पैतृक विभाग द्वारा सुविधाएं एवम् भत्ते इत्यादि प्राधिकरण द्वारा प्रतिनियुक्ति की शर्तो के अनुरूप स्वीकृत किया जाना सुनिश्चित किया जावें । |

सचिव,
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

| | |
|---|---|
| प्रस्ताव 68.4 | जविप्रा कर्मचारी (भर्ती एंव सामान्य शर्ते ) विनियम 1984 के सलंग्न अनूसूचि संख्या 8 कम संख्या 4 आशुलिपिक ग्रेड द्वितीय कालम 3 भर्ती के तरीके मे संशोधन के सम्बन्ध में । |
| पारित प्रस्ताव 68.4<br>F 1 (141) जाविप्रा/ सा.शा/82 | कार्यकारी समिति की 65 वी बैठक मे 6 कनिष्ठ सहायको को आशुलिपिक के पद पर नियमित किये जाने के सम्बन्ध मे लिये गये निर्णय पर निदेशक (विधि) की राय के परिपेक्ष्य मे चर्चा की गई एवं प्राधिकरण के इन आशुलिपिकों जिन्होने भाषा विभाग से आशुलिपिक एवं टंकण परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण-पत्र को आशुलिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु पर्याप्त योग्यता माना जाकर प्राधिकरण सेवा विनियम मे शिथिलता दिये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया । |
| प्रस्ताव 68.5 | Awarding of Contracts to UMTDC by JDA |
| पारित प्रस्ताव 68.5<br>F 18(3) JDA/PRC/87 | अरबन मैट्रो पोलिटन ट्रासंपोर्ट एण्ड डवलपमेंन्ट कम्पनी को विभिन्न कार्यो, यथा मास रेपिड ट्रासंपोर्ट सिस्टम ,रिंग रोड ,ओवर ब्रिज, ओडोटोरियम इत्यादि के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता प्राधिकरण द्वारा निम्न दर से दिये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया :<br><br>1 9 प्रतिशत की दर से ऐसे कार्यो हेतु जिनकी डिजाइन /ड्राइंग इत्यादि कम्पनी द्वारा बनायी जावेगी ।<br><br>2 ऐसे कार्यो जिनकी ड्राइंग इत्यादि प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जावेगी । वे कार्य 7.5 प्रतिशत की दर से दिये जावेंगे ।<br><br>3 ऐसे कार्य जो एक निश्चित दर पर दिये जावेंगे उसमे एजेन्सी चार्जेज शामिल माने जावेंगे । |
| प्रस्ताव 68.6 | निर्मित दुकान संख्या-8 गंदा नाला पांच बत्ती, अशोक मार्ग सी-स्कीम व्यावसायिक काम्पलेक्स की नीलामी नियमित करने के सम्बन्ध में । |
| पारित प्रस्ताव 68.6<br>F 4(15) JDA/CRO/95 | प्रकरण के सम्बन्ध मे विस्तार से चर्चा की गई चर्चा के दौरान स्पष्ट हुआ कि प्राधिकरण द्वारा निर्धारित नीलामी की शर्तो मे ट्रासंफार्मर लगवाने के सम्बन्ध में कोई शर्त अंकित नही थी एवम् नीलामी कर्ता को ट्रासंफार्मर लयगाने के सम्बन्ध मे कोई शर्त नीलामी की शर्तो मे सम्भिलित करने हेतु प्राधिकरण द्वारा अधिकृत भी नही किया गया था । अत: निर्णय लिया गया कि दुकान संख्या 8 गंदा नाला, सी-स्कीम की नीलामी नियमानुसार निर्धारित दर से ब्याज एवं शास्ती वसूल करते हुवे नियमित कर दी जावें । यदि इस आशय के आदेश जारी किये जाने की दिनांक से के 3 माह की अवधि मे बोलीदाता द्वारा उक्त राशि जमा नही करवाई जाती है तो आवंटन निरस्त हो जायेगा । |
| प्रस्ताव 68.7 | निजी सचिव का एक पद वरिष्ठ निजी सचिव मे कमोन्नत किये जाने के सम्बन्ध में । |
| पारित प्रस्ताव 68.7<br>F 7 (1) जाविप्रा/ सा.शा/91 | प्रस्तावानुसार वरिष्ठ निजी सचिव के एक पद वेतन श्रृख्ंला 19 (3000-4500) मे कमोन्नत किये जाने का निर्णय लिया गया । |

सचिव,
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

प्रस्ताव 68.8(1) हुडको से लिए जाने वाले ऋण संबंधी अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करने हेतु संशोधन बाबत ।

पारित प्रस्ताव 68.8(1) प्रस्तावानुसार हुडको से लिए जाने वाले ऋण संबंधी अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करने हेतु सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण को अधिकृत करने संबंधी संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

F2(210)JDA/ZE A-2/96

प्रस्ताव 68.8(2) जयपुर विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित न्यायिक मामलो मे अधिवक्ताओं को दी जाने वाली फीस के निर्धारण के सम्बन्ध में ।

पारित प्रस्ताव 68.8(2) अधिवक्ताओं को दिये जाने वाले पारिश्रमिक की दरो पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकारी समिति द्वारा यह संशोधन उचित नही पाया गया । अधिवक्ताओं को पूर्व में निर्धारित दरों पर पारिश्रमिक का भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया ।

F5(126)JDA/विधि/90

प्रस्ताव 68.8(3) प्राधिकरण एवं प्राधिकरण मे प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों को मंहगाई भत्ते दिये जाने बाबत ।

पारित प्रस्ताव 68.8(3) मंहगाई भत्ते की दरों मे राज्य सरकार के आदेश कमांक एफ.7(1)एफ.डी./रूल्स/ 98 दिनांक 12.5.98 के अनुसार संशोधन का प्रस्ताव एवम् प्राधिकरण के कर्मचारियों एवम् अधिकारियों को एरियर के नकद भुगतान का प्रस्ताव यथावत अनुमोदित किया गया ।

F4(9)JDA/E84/83

सचिव,
जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर

सचिव,
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

793

# कार्यालय टिप्पणी

## जयपुर विकास प्राधिकरण

प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की 68 वीं बैठक दिनांक 2.6.98 को पूर्वान्ह 11 बजे समिति कक्ष में आयोजित की गई जिसमें निम्न अधिकारी उपस्थित हुवे :

| क्रमसं0 | अधिकारी का नाम व पद मय विभाग | | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | Manmath Kumar | Dy. Secy. C.D. | [signature] |
| 2. | V.L. Sharma | Director (F) | [signature] 2.6 |
| 3. | R L PuROhit | Dir. (Engg) | [signature] |
| 4. | B.D. Bhattacharya | Dir (TP) | [signature] |
| 5. | R.C. Gupta | Dy. Dir. Land | [signature] |
| 6. | Chhaya Bhatnagar | Addl Com (C) | [signature] 2/6 |
| 7. | SWADESHPAL | Addl. Chief Engineer PHED | 2.6 [signature] |
| 8. | G.P. BAPAT | G.M. (F), RTDC | [signature] 2/6 |
| 9. | SAHIB RAM | Chief Controller Enforcement | [signature] 2-6-98 |
| 10. | Prahlad Sharma | Addl. Commr. RRN. & Secy JDA | [signature] 2/6/98 [signature] 2/6/98 |
| 11. | | | |
| 12. | | | |
| 13. | | | |
| 14. | | | |

[signature]
सचिव,
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर